पीएफसी को "सर्वश्रेष्ठ सीएसआर पद्धतियों और कोविड -19 राहत कार्य" के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्राप्त

पीएफ़सी को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पद्धतियों (सीएसआर) के अंतर्गत किए गए अनुकरणीय कार्यों और कोविड़ -19 महामारी के दौरान किए गए राहत कार्यों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया गया । हरियाणा के माननीय शिक्षा मंत्री, श्री कंवर पाल ने गुरुग्राम के राजीव चौक के पास ताऊ देवी लाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएफसी को 'प्रशंसा प्रमाण-पत्र' प्रदान किया । श्री पी.के. सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफसी ने कंपनी की ओर से प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।